पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
महाप्रबंधक(कार्मिक)
हाजीपुर

सं0 :–ईसीआर/एचआरडी/264/कैटरिंग पॉलिसी 2010/वाणिज्य दिनांक :–22.03.2016

सभी विभागाध्यक्ष/पूमरे/हाजीपुर
मंडल रेल प्रबंधक(कार्मिक)/पूमरे, दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, मुगलसराय एवं धनबाद
मु0 प्रशा0अधि0(निर्माण)/पूमरे/महेन्द्रुघाट, सी.डब्लु.एम(पी.डी.)/मुगलसराय एवं वर्कशॉप/समस्तीपुर

विषय :–कैटरिंग पॉलिसी 2010 के आलोक में कैटरिंग पर्यवेक्षक/प्रबंधक पे बैन्ड ₹9300–34800+ग्रेड़ पे ₹4600 एवं ₹4200 के वाह्य संवर्ग पदों (Ex- Cadre tenure Post) को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना।

कैटरिंग पॉलिसी 2010 के आलोक में कैटरिंग यूनिट/पूमरे में कैटरिंग पर्यवेक्षक/प्रबंधक, पे बैन्ड ₹9300–34800+ग्रेड़ पे ₹4600 का 38 पद एवं ₹4200 का 33 पद कुल 71 (इक्हत्तर) वाह्य संवर्ग पदों (Ex-cadre tenure post) को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है। ये पद वाह्य संवर्ग के पद होगें एवं कर्मचारी का लियन/वरीयता पैतृक विभाग में अनुरक्षित रहेगा।

पात्रता :–

1. उम्मीदवार को किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए ।
2. जो उम्मीदवार सुपरवाईजर कोटि, पे बैन्ड ₹9300–34800+ग्रेड़ पे ₹4600 या ₹4200 में विगत 02 (दो) वर्षों से कार्यरत हैं, वे आवेदन करने के पात्र होंगें ।
3. बेसिक कम्प्यूटर अनुप्रयोगों की कार्यात्मक जानकारी होनी चाहिए (Desirable)।
4. उम्मीदवार को कैटरिंग विभाग मे कार्य करने हेतु वांछित aptitude होना चाहिए।
5. पूर्व मध्य रेल में कार्यरत सभी विभाग के कर्मचारी जिनका लियन/वरीयता पूमरे के मुख्यालय/मंडल में अनुरक्षित है, वे आवेदन देने के पात्र होंगे।
6. वैसे कर्मचारी जो कैटरिंग पर्यवेक्षक/प्रबंधक के इस वाह्य संवर्ग पद पर कार्यरत है एवं वे पॉच साल का tenure पूरा कर चुके है, इस पद हेतु पुनः आवेदन करने के पात्र नही है(RBE No.-191/2004)।

चयन :–

1. उपरोक्त पद हेतु उम्मीदवार का चयन एक स्कीनिग कमिटी द्वारा किया जायेगा एवं कमिटी का निर्णय अंतिम माना जायेगा।
2. चयन के पश्चात् चयनित उम्मीदवार को उक्त पद पर कार्य हेतु जोनल रेलवे प्रशिक्षण केन्द्र (ZRTI) या अन्य जगहों पर आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा सकता है।
3. कर्मचारी का चयन समान वेतन एवं ग्रेड पे में किया जायेगा।
4. प्रशासनिक आवश्यकतानुसार चयनित उम्मिदवारों की पदस्थापना की जाएगी।
5. यह **Tenure** सामान्यतः 03 वर्षो के लिये होगा जिसे प्रशासनिक आवश्यकतानुसार 02 साल बढ़ाया जा सकता है (एक बार में 01 साल)। किसी भी कर्मचारी को उनके पैतृक विभाग/इकाई मे बिना किसी नोटिस के वापस करने का अधिकार प्रशासन के पास होगा।

अतः अनुरोध है कि इच्छुक उम्मीदवार, जो निर्धारित शर्तों को पूरा करते हों, के विकल्प संलग्न प्रोफॉर्मा (जो सभी प्रकार से पूरा भरा गया हो) में **उनके सेवा विवरण एवं शैक्षणिक योग्यता को सत्यापित करते हुए सूचीबद्ध कर इस कार्यालय में दिनांक–30.04.2016 तक भेज दे। अंतिम तिथि 30.04.2016 के बाद प्राप्त आवेदन विचारणीय नही होगा।** आवेदन अग्रसारित करते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि उम्मीदवार के विरुद्ध किसी प्रकार का डीएआर/एसपीई/विजिलेंस केस लम्बित न हो। इस परिपत्र का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये।

संलग्नक :–यथोपरि।

22.3.16
(रवीन्द्र कुमार)
सकाधि/ईएसएम
कृते महाप्रबंधक(कार्मिक)/हाजीपुर

प्रतिलिपि :–मुवाप्र/पूमरे/हाजीपुर।

कृते महाप्रबंधक(कार्मिक)/हाजीपुर

Catg.doc

P.T.O.

पूर्व मध्य रेल

कैटरिंग यूनिट, पूर्व मध्य रेल में कैटरिंग पर्यवेक्षक/प्रबंधक, पे बैन्ड ₹9300–34800+ग्रेड़ पे ₹4600 एवं ₹4200 के पद हेतु प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने का विकल्प प्रोफार्मा।

फोटो

1. कर्मचारी का नाम –
2. PF/NPS No. –
3. पिता का नाम –
4. पदनाम –
5. जन्म तिथि –
6. नियुक्ति तिथि –
7. ग्रेड पे ₹4600 में पदोन्नति की तिथि –
   ग्रेड पे ₹4200 में पदोन्नति की तिथि –
8. शैक्षणिक योग्यता –
9. वर्तमान कार्यस्थल/विभाग –
10. पे बैन्ड + ग्रेड पे –
11. कम्प्यूटर का ज्ञान –
12. डीएआर/एसपीई/विजि.केस –
13. कैटरिंग कार्य में कोई अनुभव –
14. समुदाय (UR/OBC/SC/ST) –

मै यह धोषणा करता/करती हूँ कि मै कैटरिंग के वाह्य संवर्ग में चयन/पदस्थापना होने की स्थिति में प्रशासन के द्वारा जहॉ भी पदस्थापना की जाएगी वहॉ कार्य करने के लिये तैयार हूँ।

दिनांक :–

स्थान :–

आवेद्रक का हस्ताक्षर

अग्रसारित करने वाले अधिकरी का हस्ताक्षर नाम पदनाम एवं मुहर

नियंत्रित अधिकारी का हस्ताक्षर (कृपया कर्मचारी के डीएआर/एसपीई/विजिलेंस केस से मुक्त होने पर ही अग्रसारित करें)